मौर्य साम्राज्य के प्रमुख शासक: चन्द्रगुप्त मौर्य, बिन्दुसार और अशोक

भाग:-1

डॉ विभूति भूषण

सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

प्राचीन इतिहास विभाग

SNSRKS COLLEGE SAHARSA

मौर्य साम्राज्य के शासक के अंतर्गत 321- 185 BC काल में मगध साम्राज्य पर शासन करने वाले शासको का अध्ययन किया जाता है. इसमें मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य (321-297 BC), मौर्य शासक बिन्दुसार (297-273 BC) तथा अशोक महान (269-232 BC) सबसे प्रमुख है|

मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य (321-297 BC)

मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य एक महान शासक था. उसने चाणक्य की सहायता से मगध पर अधिकार किया तथा मगध को एक अभूतपूर्व शक्ति में बदल दिया.

मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य राज्य संस्थापक के रूप में

चन्द्रगुप्त मौर्य मौर्य राज्य का संस्थापक था. सर्वप्रथम इसने पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अपनी शक्ति खड़ी की. उसने अपनी सेना में पश्चिमोत्तर के कबिलाइयों को भर्ती किया. उसकी सेना को विदेशी (यूनानियों) डाकुओं का गिरोह कहते है.

नन्द वंश का अंतिम शासक धनानन्द के समय अमात्य एवं मात्य जनता पर काफी अन्याय करते थे. चन्द्रगुप्त ने चाणक्य की सहायता से नन्दवंश को उन्मुलित कर मगध पर अधिकार कर लिया. नन्दों के अत्याचार पूर्ण शासन से देश को मुक्त कर शासक चंद्रगुप्त मौर्य ने यूनानियों के विदेशी शासन से देश को मुक्त कराया. यूनानियों से भारत को मुक्त करने के कारण चंद्रगुप्त मौर्य को भारत का मुक्तिदाता कहा जाता है.